न्यायालय जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट, श्रीगंगानगर

मुन्तकिली प्रकरण संख्या 108/2019 (RCMS : 2019/00202) अनवान सतविन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री राजेन्द्रपाल सिंह जाति जटसिख निवासी चक 24 एच तहसील श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर (राजस्थान) बनाम 1. परमजीत कौर पत्नी श्री दर्शन सिह जाति जटसिख निवासी चक 4 वी तहसील श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर (राजस्थान) वगैरहा(26) एवं तहसीलदार, श्रीकरणपुर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

16.10.2019

प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित है। मैनें पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया कि प्रार्थी ने यह मुन्तकिली प्रार्थना पत्र अतिरिक्त जिला कलक्टर (सतर्कता), श्रीगंगानगर के न्यायालय में विचाराधीन अपील प्रकरण संख्या 07/2018 अनवानी परमजीत कौर बनाम तहसीलदार, वगैरहा में निष्पक्ष न्याय न मिलने की संभावना व्यक्त कर, प्रकरण अन्यत्र सक्ष्म न्यायालय में मुन्तकिल करने की प्रार्थना के साथ प्रस्तुत किया था। चूंकि अब तत्कालीन अति. जिला कलक्टर (सतर्कता), श्रीगंगानगर का अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। इसलिए यह मुन्तकिली प्रार्थना पत्र निष्प्रभावी अर्थात फलहीन हो गया है। अतः इसी आधार पर यह मुन्तकिली प्रार्थना पत्र खारिज करने योग्य है। प्रार्थी के अधिवक्ता को भी इसमें कोई आपत्ति नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर यह मुन्तकिली प्रार्थना पत्र निष्प्रभावी अर्थात फलहीन होने के कारण खारिज किया जाता है। आदेश की प्रति अति. जिला कलक्टर (सतर्कता), श्रीगंगानगर को पालनार्थ भिजवाई जावे। पत्रावली बाद तरतीब तक़मील दाख़िल दफ़्तर हो।

यह आदेश आज दिनांक 16.10.2019 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(शिवप्रसाद एम. नकाते)
जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर